भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 671**

**23 जुलाई, 2025 के लिए प्रश्न**

**ई-किसान उपज निधि**

**671. श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ई-किसान उपज निधि पोर्टल पर राज्यवार वर्गीकृत कुल बैंकों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या इस पोर्टल पर किसानों के पंजीकरण हेतु सरकारी सिबिल स्कोर आवश्यक है;

(ग) यदि हाँ, तो पंजीकरण हेतु आवश्यक न्यूनतम सिबिल स्कोर का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस पोर्टल पर पंजीकृत किसानों की कुल संख्या का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस पोर्टल के माध्यम से किसानों को राज्यवार कुल कितनी ऋण राशि संवितरित की गई है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** दिनांक 14-07-2025 तक की स्थिति के अनुसार, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (12) सहित 32 बैंक ई-किसान उपज निधि (ई-कुन) पोर्टल पर शामिल हो चुके हैं। विवरण **अनुबंध 'क'** में दिया गया है।

**(ख) और (ग):** ई-कुन विभिन्न बैंकों के साथ एकीकृत है। ऋण आवेदन की प्रक्रिया के लिए, ई-कुन पोर्टल पर सूचीबद्ध प्रत्येक बैंक की आवश्यकता के अनुसार सीआईबीआईएल स्कोर की जांच की जाती है।

**(घ) और (ड.):** दिनांक 13.07.2025 तक की स्थिति के अनुसार ई-कुन पोर्टल पर ऋण के लिए आवेदन करने वाले किसानों की संख्या का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

2/-

| राज्य | ई-कुन पोर्टल पर ऋण के लिए आवेदन करने वाले किसानों की संख्या |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 13 |
| गुजरात | 13 |
| हरियाणा | 1 |
| कर्नाटक | 1 |
| केरल | 1 |
| मध्य प्रदेश | 6 |
| महाराष्ट्र | 4 |
| राजस्थान | 17 |
| तमिलनाडु | 4 |
| तेलंगाना | 2 |
| **कुल** | **62** |

इस पोर्टल के माध्यम से किसानों को कुल 25,44,200 रुपये की ऋण राशि वितरित की गई है।

| राज्य | किसानों को वितरित ऋण (रुपये में) |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1000000 |
| कर्नाटक | 1000000 |
| मध्य प्रदेश | 161700 |
| तेलंगाना | 382500 |
| **कुल** | **2544200** |

अन्य मामले स्वीकृति/संवितरण के विभिन्न चरणों में हैं।

*****

अनुबंध क

| **सार्वजनिक क्षेत्र बैंक (12)** | **निजी क्षेत्र बैंक (4)** | **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (16)** |
|---|---|---|
| बैंक ऑफ इंडिया | एचडीएफसी बैंक | आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | आईडीबीआई बैंक लिमिटेड | बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक |
| केनरा बैंक | दि जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड | बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | | कर्नाटक ग्रामीण बैंक |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | | कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक |
| इंडियन बैंक | | केरल ग्रामीण बैंक |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | | मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक |
| पंजाब नेशनल बैंक | | महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक |
| भारतीय स्टेट बैंक | | मेघालय ग्रामीण बैंक |
| यूको बैंक | | पुडुवाई भरतियार ग्राम बैंक |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | | पंजाब ग्रामीण बैंक |
| | | राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक |
| | | सप्तगिरि ग्रामीण बैंक |
| | | सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक |
| | | तमिलनाडु ग्राम बैंक |